# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

क्रमांक 4465/08/परीक्षा/2020 रायपुर, दिनांक 25 JAN 2021

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 07/2019/परीक्षा/दिनांक 23.11.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 13/2019/परीक्षा/दिनांक 31.12.2019 तथा शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2020/परीक्षा/दिनांक 03.02.2020 के द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2019 के माध्यम से कुल 242 पद विज्ञापित किए गए थे। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 की ऑफलाइन परीक्षा दिनांक 18 से 21 अक्टूबर 2020 को निर्धारित की गई थी।

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के द्वारा याचिका क्रमांक 2526/2020 श्री उदयन दुबे विरूद्ध छ.ग. शासन एवं अन्य में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.10.2020 के परिपालन में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 की लिखित परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित की गई थी।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 28.12.2020 को जारी किया गया है। पूर्व में उक्त हेतु 3617 अभ्यर्थियों का चिन्हांकन किया गया था। याचिका क्रमांक 2526/2020 श्री उदयन दुबे विरूद्ध छ.ग. शासन एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 03.11.2020 के परिपालन में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के विस्तारित परीक्षा परिणाम जारी करते हुए मुख्य परीक्षा-2019 में पूर्व में चिन्हांकित कुल 3617 अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 187 अभ्यर्थियों का चिन्हांकन किया गया है। उक्त चिन्हांकित अतिरिक्त 187 अभ्यर्थियों के लिए ही मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने हेतु 27.01.2021 से लिंक आयोग के वेबसाइट में उपलब्ध रहेगी।

**राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 की लिखित परीक्षा दिनांक 15, 16, 17 एवं 18.03.2021 को अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर एवं रायपुर जिलों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय-सारिणी निम्नानुसार हैः-**

| DATE | DAY | TIME | PAPER | SUBJECT |
|---|---|---|---|---|
| 15-03-2021 | Monday | 9:00 A.M. TO 12:00 NOON | PAPER-I | LANGUAGE |
| | | 02:00 P.M. TO 05:00 P.M. | PAPER-II | ESSAY |
| 16-03-2021 | Tuesday | 9:00 A.M. TO 12:00 NOON | PAPER-III | GENERAL STUDIES-I |
| | | 02:00 P.M. TO 05:00 P.M. | PAPER-IV | GENERAL STUDIES-II |
| 17-03-2021 | Wednesday | 9:00 A.M. TO 12:00 NOON | PAPER-V | GENERAL STUDIES-III |
| | | 02:00 P.M. TO 05:00 P.M. | PAPER-VI | GENERAL STUDIES-IV |
| 18-03-2021 | Thursday | 9:00 A.M. TO 12:00 NOON | PAPER-VII | GENERAL STUDIES-V |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र **दिनांक 05.03.2021** को जारी किया जावेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जाएगा।

25/01/2021

सचिव
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
रायपुर